जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।

# प्रश्न पुस्तिका

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या

**विषय कोड : 20**

**विषय : चित्रकला**

**अनुक्रमांक (अंकों में) :** | | | | | | | |

**अनुक्रमांक (शब्दों में) :** ____________________

| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

M

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में दो भाग हैं । जिसके प्रथम भाग में सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित कुल **30** प्रश्न हैं ।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका के द्वितीय भाग में वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित कुल **70** प्रश्न हैं ।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से एक विकल्प को चुन लें, जिसे आप उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगें कि एक से अधिक विकल्प सही हैं, तो उस विकल्प को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगें । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है ।
4. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, कटा या छूटा हुआ पृष्ट अथवा प्रश्नांश आदि न हो ।**
5. अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा निर्देश देने के उपरान्त ही प्रश्न–पुस्तिका की सील खोलें ।
6. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तर देने से पहले प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
7. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड, उत्तरित प्रश्नों की संख्या तथा अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या स्वच्छतापूर्वक लिखें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
8. अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
9. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) में एक बार गोला भरे जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा ।
10. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) को किसी प्रकार न मोड़ें ।
11. आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) कक्ष निरीक्षक को लौटा दें ।
12. यदि हिन्दी या अंग्रेजी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अन्तिम माना जाएगा ।
13. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग करता है या उसका प्रयास करता है अथवा परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का व्यवधान करता है, तो वह परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा ।
14. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा जब तक **120** मिनट (दो घण्टे) पूरे न हो गये हो ।
15. कोई भी रफ कार्य, यदि कोई हो, इस कार्य हेतु निर्धारित खाली पन्नों पर ही किया जाना चाहिये । अतिरिक्त पन्ने नहीं दिये जायेंगे ।
16. अपना अनुक्रमांक आदि लिखने के लिए तथा उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तरों को भरने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें ।

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

***Note : The English version of the instructions is printed on the last page of this Question Booklet.***

# सामान्य ज्ञान
# GENERAL KNOWLEDGE

1. भुवनेश्वर तथा पुरी के मंदिर किस शैली में निर्मित हैं ?
(A) नागर (B) द्रविड़ (C) वेसर (D) उपरोक्त में से कोई नहीं
In which style are the temples of Bhubaneshwar and Puri built ?
(A) Nagara (B) Dravidian (C) Vesara (D) None of the above

2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A)** : ग्लोबल इंडिया ए.आई. शिखर सम्मेलन का आयोजन हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ ।
**कारण (R)** : सिंगापुर, डेन्मार्क और संयुक्त राज्य अमेरिका उच्चतम रेटिंग वाले ए.आई. में से है तथा भारत का प्रदर्शन अपेक्षाकृत मजबूत है ।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).
**Assertion (A)** : Global India AI Summit was recently held at Bharat Mandapam in New Delhi.
**Reason (R)** : Singapore, Denmark and United States of America are among the highest rated AI and India's performance is relatively strong.
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(C) (A) is true, but (R) is false
(D) (A) is false, but (R) is true

3. 2024 में एफ.डी.ए. द्वारा अनुमोदित कौन-सी नई दवा, अल्ज़ाइमर रोग की प्रगति को धीमा करने के लिए मस्तिष्क में एमिलॉयड प्लैक को लक्षित करती है ?
(A) एडुकानुमाब (B) किसुनला (C) लेनाकापाविर (D) लेकम्बी
Which new drug, approved by the FDA in 2024, targets amyloid plaque in the brain to slow the progression of Alzheimer's disease ?
(A) Aducanumab (B) Kisunla (C) Lenacapavir (D) Leqambi

4. किस राज्य सरकार ने देशी गाय को 'राज्य माता-गोमाता' का दर्जा दिया ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) छत्तीसगढ़ (C) महाराष्ट्र (D) मध्य प्रदेश
Which State Government gave status of 'Rajya Mata – Gomata' to indigenous cow ?
(A) Uttar Pradesh (B) Chhattisgarh (C) Maharashtra (D) Madhya Pradesh

5. एशियन बिलियर्ड्स चैंपियनशिप 2024 आयोजित की गई
(A) रियाद में (B) तेहरान में (C) मुम्बई में (D) ढाका में
Asian Billiards Championship 2024 was organised in
(A) Riyadh (B) Tehran (C) Mumbai (D) Dhaka

6. निम्नलिखित में से कौन सबसे युवा विश्व शतरंज का विजेता है ?
(A) नैन्सी त्यागी (B) मनु भाकर (C) संजय मल्होत्रा (D) गुकेश डोम्माराजू
Who among the following is Youngest World Chess Champion ?
(A) Nancy Tyagi (B) Manu Bhaker (C) Sanjay Malhotra (D) Gukesh Dommaraju

7. निम्नलिखित में से कौन–सा शोध में प्राथमिक डेटा संग्रह की विधि नहीं है ?
(A) साक्षात्कार (B) सर्वेक्षण (C) साहित्य समीक्षा (D) अवलोकन
Which of the following is not a method of primary data collection in research ?
(A) Interviews (B) Surveys (C) Literature review (D) Observations

8. शिक्षण में प्रायोजना विधि का जन्मदाता किसे माना जाता है ?
(A) जॉन डीवी (B) विलियम हर्ड किलपैट्रिक
(C) प्रो. आर्मस्ट्राँग (D) सुकरात
Who is considered to be the originator of the project method in teaching ?
(A) John Dewey (B) William Heard Kilpatrick
(C) Prof. Armstrong (D) Socrates

9. प्राथमिक आँकड़ों के एकत्रीकरण की विधियाँ हैं
a. केस अध्ययन विधि
b. डाक प्रश्नावली विधि
c. ऑनलाइन स्रोत
d. अनुसूची
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल b, c, d (B) केवल a, b, d (C) केवल a, c, d (D) केवल a, b, c
Methods of collection of primary data are
a. Case study method
b. Mail questionnaire method
c. Online resources
d. Schedule
Choose the correct answer from the options given below :
(A) Only b, c, d (B) Only a, b, d (C) Only a, c, d (D) Only a, b, c

10. निम्नलिखित में से कौन–सा शिक्षण में प्रारूपात्मक मूल्यांकन की विशेषता नहीं है ?
(A) सीखने में सुधार के लिए सतत प्रतिक्रिया प्रदान करना
(B) पाठ्यक्रम के अंत में ग्रेड प्रदान करने के लिये आयोजित किया जाता है
(C) छात्रों को उनकी ताकत और कमजोरियों की पहचान में मदद करता है
(D) प्रशिक्षकों को सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों के बारे में सूचित करता है
Which of the following is not a characteristic of formative assessment in teaching ?
(A) Provides ongoing feedback to improve learning
(B) Conducted at the end of a course to assign grades
(C) Helps students to identify their strengths and weakness
(D) Informs instructors about areas needing improvements

11. निम्नलिखित में से कौन–सी शोध की विधि नहीं है ?
(A) दार्शनिक (B) ऐतिहासिक (C) सर्वेक्षण (D) अवलोकन
Which of the following is not a method of research ?
(A) Philosophical (B) Historical (C) Survey (D) Observation

12. निम्नलिखित में से कौन–सा अशाब्दिक सम्प्रेषण का प्रकार नहीं हैं ?
(A) वाणी संकेत (B) लिखित सम्प्रेषण
(C) चक्षु सम्पर्क (D) स्पर्शनीय सम्पर्क
Which of the following is not a type of non-verbal communication ?
(A) Voice signal (B) Written communication
(C) Eye contact (D) Tactile contact

13. निम्नलिखित में से किस संस्था ने वर्ष 2005 में ई–ज्ञानकोश की शुरुवात की ?

(A) आई.आई.टी. कानपुर
(B) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
(C) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(D) दिल्ली विश्वविद्यालय

Which of the following institutions launched e-Gyankosh in the year 2005 ?

(A) IIT Kanpur
(B) Indira Gandhi National Open University
(C) Allahabad University
(D) Delhi University

14. सार्वजनिक वाई–फाई का उपयोग करते समय, सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनुशंसित अभ्यास क्या है ?

(A) बिना किसी प्रतिबंध के संवेदनशील खातों तक पहुचें
(B) अपने कनेक्शन को एन्क्रिप्ट करने के लिए वी.पी.एन. का उपयोग करें
(C) सभी सुरक्षा समायोजन अक्षम करें
(D) दूसरों के साथ अपना कनेक्शन साझा करें

When using public Wi-Fi, what is a recommended practice to enhance security ?

(A) Access sensitive account without any restriction
(B) Use a VPN to encrypt your connection
(C) Disable all security settings
(D) Share your connection with others

15. नेटवर्किंग में 'वी.पी.एन.' का क्या अर्थ है ?

(A) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क
(B) वर्चुअल पब्लिक नेटवर्क
(C) वेरिएबल प्राइवेट नेटवर्क
(D) वेरिफाइड प्राइवेट नेटवर्क

What does 'VPN' stand for in networking ?

(A) Virtual Private Network
(B) Virtual Public Network
(C) Variable Private Network
(D) Verified Private Network

16. भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम कब पारित हुआ ?

(A) 1972 में (B) 1968 में (C) 1980 में (D) 1986 में

When was the Wildlife Protection Act passed in India ?

(A) 1972 (B) 1968 (C) 1980 (D) 1986

17. निम्नलिखित में से कौन–सी गैस ग्रीनहाऊस प्रभाव नहीं डालती है ?

(A) कार्बन डाईऑक्साइड (B) कार्बन मोनोऑक्साइड (C) मीथेन (D) नाइट्रस ऑक्साइड

Which of the following gases does not cause greenhouse effect ?

(A) Carbon dioxide (B) Carbon monoxide (C) Methane (D) Nitrous oxide

18. वायुमंडल में ग्रीनहाऊस गैसों की बढ़ती प्रचुरता के निम्नलिखित संभावित प्रभाव हैं, के अतिरिक्त

(A) $CO_2$ फर्टिलाइज़ेशन (B) ग्लोबल वार्मिंग (C) ओज़ोन क्षरण (D) जैवविविधता में वृद्धि

The increasing abundance of greenhouse gases in the atmosphere has the following possible affects, except

(A) $CO_2$ fertilization (B) Global warming (C) Ozone depletion (D) Increase in biodiversity

19. निम्नलिखित में से कौन–सा एक भारत का कृत्रिम बन्दरगाह है ?

(A) कोचीन (B) चेन्नई (C) मुम्बई (D) काण्डला

Which one of the following is an artificial port of India ?

(A) Cochin (B) Chennai (C) Mumbai (D) Kandla

20. भारत के किस राज्य में सबसे अधिक बॉक्साइट का उत्पादन होता है ?

(A) झारखंड (B) कर्नाटक (C) ओड़िसा (D) छत्तीसगढ़

Which State of India is the largest producer of Bauxite ?

(A) Jharkhand (B) Karnataka (C) Odisha (D) Chhattisgarh

21. शीत ऋतु में तमिलनाडु में होने वाली वर्षा का प्रकार क्या है ?
(A) पर्वतीय (B) प्रति चक्रवातीय (C) संवहनीय (D) चक्रवातीय

What is the type of rainfall that occurs in Tamil Nadu during winter season ?
(A) Mountainous (B) Anti cyclonic (C) Convectional (D) Cyclonic

22. 'आत्मीय सभा' की स्थापना किसने की ?
(A) स्वामी विवेकानन्द (B) राजा राम मोहन राय
(C) स्वामी दयानन्द सरस्वती (D) राधा कान्त देव

Who founded the 'Atmiya Sabha' ?
(A) Swami Vivekananda (B) Raja Ram Mohan Roy
(C) Swami Dayananda Saraswati (D) Radha Kant Dev

23. निम्नलिखित में से किसे 1938 में सुभाष चन्द्र बोस के त्यागपत्र देने के पश्चात भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अध्यक्ष चुना गया ?
(A) वल्लभभाई पटेल (B) जवाहरलाल नेहरू (C) एनी बेसेंट (D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

Who among the following was elected as President of the Indian National Congress after Subhash Chandra Bose resigned in 1938 ?
(A) Vallabhbhai Patel (B) Jawaharlal Nehru (C) Annie Besant (D) Dr. Rajendra Prasad

24. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I (प्रवर्तक)** | **सूची – II (आंदोलन)** |
|---|---|
| a. बाल गंगाधर तिलक | I. खिलाफत आंदोलन |
| b. शौकत अली | II. 1857 विद्रोह |
| c. महात्मा गाँधी | III. स्वदेशी आंदोलन (1905 से 1907) |
| d. बहादुर शाह | IV. असहयोग आंदोलन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | IV | II | I |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | III | I | IV | II |
| (D) | II | IV | III | I |

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists :

| **List – I (Originator)** | **List – II (Movement)** |
|---|---|
| a. Bal Gangadhar Tilak | I. Khilafat Movement |
| b. Shaukat Ali | II. 1857 Revolt |
| c. Mahatma Gandhi | III. Swadeshi Movement (1905 to 1907) |
| d. Bahadur Shah | IV. Non-Cooperation Movement |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | IV | II | I |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | III | I | IV | II |
| (D) | II | IV | III | I |

25. चुनाव आयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) यह एक स्थायी निकाय है जिसे विघटित नहीं किया जा सकता ।

(B) इसकी नियुक्ति प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है ।

(C) इसके पास उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करने का अधिकार है ।

(D) यह केवल चुनाव अवधि के दौरान संचालित होता है ।

Which of the following statements about the Election Commission is true ?

(A) It is a permanent body that can not be dissolved.

(B) It is appointed by the Prime Minister.

(C) It has the authority to disqualify the candidates.

(D) It only operates during election period.

26. संसदीय शासन व्यवस्था में

(A) कार्यपालिका, विधायिका के प्रति उत्तरदायी है

(B) विधायिका, कार्यपालिका के प्रति उत्तरदायी है

(C) न्यायपालिका, विधायिका के प्रति उत्तरदायी है

(D) कार्यपालिका, न्यायपालिका के प्रति उत्तरदायी है

In Parliamentary form of Government

(A) Executive is responsible to legislature

(B) Legislature is responsible to executive

(C) Judiciary is responsible to legislature

(D) Executive is responsible to judiciary

27. संसद के किस सदन के सदस्यों से प्राक्कलन समिति गठित की जाती है ?

a. लोक सभा

b. राज्य सभा

c. दोनों सदनों के सदस्यों से

d. राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्यों से

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल a (B) केवल a और b

(C) केवल d (D) केवल a, b और d

The Estimates Committee is constituted from the members of which House of Parliament ?

a. Lok Sabha

b. Rajya Sabha

c. From members of both Houses

d. From members nominated by the President

Choose the correct answer from the options given below :

(A) Only a (B) Only a and b

(C) Only d (D) Only a, b and d

28. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. एडम स्मिथ | I. द वेल्थ ऑफ नेशन्स |
| b. थॉमस माल्थस | II. द थियोरी ऑफ इकोनामिक ग्रोथ |
| c. डब्ल्यू.ए. लेविस | III. इम्पीरियलिज्म एण्ड अनइक्वल डेवलपमेंट |
| d. समीर अमीन | IV. एस्से ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉप्युलेशन |

**कूट :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | III | IV | I |
| (B) | I | IV | II | III |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | I | IV | III | II |

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Adam Smith | I. The Wealth of Nations |
| b. Thomas Malthus | II. The Theory of Economic Growth |
| c. W.A. Lewis | III. Imperialism and Unequal Development |
| d. Samir Amin | IV. Essay on the Principles of Population |

**Code :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | III | IV | I |
| (B) | I | IV | II | III |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | I | IV | III | II |

29. केन्द्रीय बजट 2025 – 26 में किस राज्य में 'मखाना बोर्ड' को गठित करने का प्रस्ताव दिया गया है ?

(A) जम्मू और कश्मीर (B) बिहार

(C) उत्तर प्रदेश (D) आन्ध्र प्रदेश

In Union Budget 2025 – 26, 'Makhana Board' is proposed to be set up in the State of

(A) Jammu and Kashmir (B) Bihar

(C) Uttar Pradesh (D) Andhra Pradesh

30. केन्द्रीय बजट 2025 – 26 में कमाई का सबसे बड़ा स्रोत कहाँ से आने का अनुमान है ?

(A) आबकारी कर (B) वस्तु एवं सेवा कर

(C) आय कर (D) कस्टम्स ड्यूटी

In Union Budget 2025 – 26, the largest source of earning is estimated to come from

(A) Excise Duty (B) Goods and Services Tax

(C) Income Tax (D) Customs Duty

## चित्रकला

## DRAWING

31. 1660 ई. में किस वैज्ञानिक ने 'विबग्योर' की खोज की ?

(A) थॉमस यंग (B) आइजैक न्यूटन (C) जॉर्ज पाल्मर (D) जॉन जॉली

Which Scientist discovered the 'VIBGYOR' in 1660 ?

(A) Thomas Young (B) Isaac Newton (C) George Palmer (D) John Joly

32. निम्न में से कौन–सी एक दृश्य कला नहीं है ?

(A) चित्रकला (B) कविता (C) मूर्तिकला (D) स्थापत्यकला

Which one of the following is not Visual Art ?

(A) Painting (B) Poetry (C) Sculpture (D) Architecture

33. एक पुनरावृत्ति वाला तत्त्व जो संयोजन का एक नया सेट तैयार कर सकता है, कहलाता है

(A) अनुपात (B) पैटर्न (C) सामंजस्य (D) पोत

A repeating element that can produce a new set of composition is called

(A) Proportion (B) Pattern (C) Harmony (D) Texture

34. 'षडांग' के बारे में किसने लिखा ?

(A) भरत मुनि (B) मम्मट (C) यशोधर पंडित (D) भवभूति

Who wrote about 'Shadang' ?

(A) Bharat Muni (B) Mammat (C) Yashodhar Pandit (D) Bhavabhuti

35. 'कायरोस्कूरो' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में होता है ?

(A) रेखांकन एवं चित्रकला (B) मूर्तिशिल्प

(C) स्थापत्य (D) प्रिंट मेकिंग

The term 'Chiaroscuro' is used in which context ?

(A) Drawing and painting (B) Sculpture

(C) Architecture (D) Print making

36. ललित कला में कितनी कलायें हैं ?

How many arts are there in Fine Art ?

(A) 2 (B) 3 (C) 5 (D) 7

37. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए ।

a. जयमंगला — 1. विष्णुधर्मोत्तर पुराण
b. कामसूत्र — 2. षडांग
c. चित्रसूत्रम् — 3. वात्स्यायन
d. सादृश्यम् — 4. यशोधर पंडित

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

Match the following.

a. Jaimangala — 1. Vishnudharmottar Puran
b. Kamasutra — 2. Shadang
c. Chitrasutram — 3. Vatsyayan
d. Sadrishyam — 4. Yashodhar Pandit

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

38. भारत में प्रथम लिथोग्राफी प्रेस की स्थापना कहाँ हुई ?

(A) बम्बई (B) कलकत्ता (C) गोवा (D) मद्रास

Where was the first lithography press established in India ?

(A) Bombay (B) Calcutta (C) Goa (D) Madras

39. चित्र बनाने की एक तकनीक जिसमें विविध प्रकार की सामग्री का प्रयोग किया जाता है, कहलाती है

(A) एम्बॉसिंग (B) कोलाज (C) प्लास्टिक आर्ट (D) मोजैक

A technique of picture making in which different materials are used is called

(A) Embossing (B) Collage (C) Plastic Art (D) Mosaic

40. निम्न में से कौन एक प्रदर्शनकारी कला से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) थियेटर (B) नृत्य (C) संगीत (D) संस्थापन

Among the following which one is not related to Performing Art ?

(A) Theater (B) Dance (C) Music (D) Installation

41. **अभिकथन (A) :** मृण्मय (टेराकोटा) माध्यम का पश्चिम बंगाल में सामान्यत: अधिक प्रयोग हुआ ।

**तर्क (R) :** मृण्मय का अधिक प्रयोग हुआ क्योंकि वहाँ कोई और द्रव्य आसपास उपलब्ध नहीं है ।

(A) (A) गलत है, (R) अंशत: सही है
(B) (A) सही है, (R) गलत है
(C) (A) और (R) दोनों सही है
(D) (A) और (R) दोनों गलत है

**Assertion (A)** : Terracotta medium is more commonly used in West Bengal.

**Reason (R)** : Terracotta is more used because no other material was found nearby.

(A) (A) is not correct, (R) is partly correct
(B) (A) is correct, (R) is not correct
(C) Both (A) and (R) are correct
(D) Both (A) and (R) are not correct

42. निम्न में से कौन विज्ञापन का मुख्य उद्देश्य नहीं है ?

(A) ब्रांड को बदलना
(B) बिक्री में सुधार के लिए अनुकूल माहौल बनाना
(C) ग्राहकों को उत्पाद एवं ब्रांड के विषय में याद दिलाना
(D) नये ग्राहकों को उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करना

Which of the following is not the main purpose of advertising ?

(A) To change the brand
(B) To create favourable environment for improving sale
(C) To remind customers about the product and brand
(D) To promote new customers to buy the product

43. 'आइडियल्स ऑफ इंडियन आर्ट' नामक पुस्तक किसने लिखी ?

(A) गगनेन्द्र नाथ ठाकुर
(B) ई.बी. हैवेल
(C) रामेन्द्रनाथ चक्रवर्ती
(D) हर्बर्ट रीड

Who wrote the book named 'Ideals of Indian Art' ?

(A) Gaganendra Nath Thakur
(B) E.B. Havell
(C) Ramendranath Chakravorty
(D) Herbert Read

44. टैग लाईन 'स्वाद ज़िन्दगी का' का सम्बन्ध निम्न में से किस विज्ञापन से है ?

(A) पेप्सी (B) अमूल (C) पर्क (D) डेयरी मिल्क

Which of the following advertisement is related to the Tag Line 'Swad Zindagi Ka' ?

(A) Pepsi (B) Amul (C) Perk (D) Dairy Milk

45. 869 ई.में बना प्राचीनतम् लकड़ी का छापाचित्र है

(A) द डांस ऑफ डेथ (B) हीरक सूत्र

(C) कमल सूत्र (D) बिब्लिया पाऊपरम

Oldest Wood blockprint of 869 A.D. is

(A) The Dance of Death (B) Diamond Sutra

(C) Lotus Sutra (D) Biblia Pauperum

46. भित्ति पर छोटे रंगीन काँच या पत्थर के टुकड़ों से आकृति चित्रण की तकनीक कहलाती है

(A) फ्रेस्को (B) म्यूरल (C) मोजैक (D) मिनिएचर

The technique of making images by adding small pieces of colourful glass or stone on the wall is called

(A) Fresco (B) Mural (C) Mosaic (D) Miniature

47. 'ड्राई प्वाइंट' करने के लिए सबसे उपयुक्त धरातल क्या है ?

(A) चूना पत्थर (B) कॉपर प्लेट (C) सिल्क स्क्रीन (D) लकड़ी

Which is the best surface to do 'Dry point' ?

(A) Limestone (B) Copper plate (C) Silk screen (D) Wood

48. प्रसिद्ध छापाकार का नाम बताइये ।

(A) डी.पी. धूलिया (B) श्याम शर्मा (C) बी.एन. आर्या (D) राम कुमार

Name the famous printmaker.

(A) D.P. Dhuliya (B) Shyam Sharma (C) B.N. Arya (D) Ram Kumar

49. नीचे दो कथन दिये गये हैं :

**कथन I :** उत्कीर्णित और नक्काशी प्लेट को नम कागज पर छापा जाता है ।

**कथन II :** धातु प्लेट की गहराईयों तक कागज को पहुँचने के लिए कागज के तन्तुओं का मुलायम एवं लचीला होना आवश्यक है ।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें ।

(A) कथन I और II दोनों सत्य हैं (B) कथन I और II दोनों गलत हैं

(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II गलत है (D) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सत्य है

Given below are two statements :

**Statement I :** Engraving and etching plate is printed on wet paper.

**Statement II :** In order for the paper to reach the depth of the metal plate, the paper fibers must be soft and flexible.

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below :

(A) Both the statements I and II are true (B) Both the statements I and II are false

(C) Statement I is true, but statement II is false (D) Statement I is false, but statement II is true

50. ग्राफिक डिजाइन में 'चमक' से क्या तात्पर्य है ?

(A) यह प्रकाश के भ्रम को दर्शाता है
(B) यह रेखा के भ्रम को दर्शाता है
(C) यह अन्तराल के भ्रम को दर्शाता है
(D) यह पोत के भ्रम को दर्शाता है

What is meant by 'Luminosity' in graphic design ?

(A) It refers to the illusion of light
(B) It refers to the illusion of line
(C) It refers to the illusion of space
(D) It refers to the illusion of texture

51. रेखा उत्कीर्णन तथा रेखा अम्लांकन का सम्बन्ध किस कला पद्धति से है ?

(A) इंटैग्लियो
(B) लिनोलियम
(C) मेज़ोटिंट
(D) विस्कोसिटी

Line engraving and line acidification is related to which art method ?

(A) Intaglio
(B) Linolium
(C) Mezzotint
(D) Viscosity

52. ताजा लगाये गये प्लास्टर पर पानी आधारित रंगद्रव्य के साथ भित्ति की सतह पर चित्रण की विधि क्या कहलाती है ?

(A) एनकॉस्टिक विधि
(B) फ्रेस्को विधि
(C) वॉश विधि
(D) ग्वाश विधि

What is called the method of painting on a wall surface with a water based pigment on freshly applied plaster ?

(A) Encaustic method
(B) Fresco method
(C) Wash method
(D) Gouache method

53. शैलाश्रय चित्रों के केन्द्र भीमबेठका को किसने खोजा ?

(A) आर.एन. टैगोर
(B) वी.एस. वाकणकर
(C) ए.एन. टैगोर
(D) सतीश गुजराल

Who discovered the Bhimbetka, a rock shelter of paintings ?

(A) R.N. Tagore
(B) V.S. Vakankar
(C) A.N. Tagore
(D) Satish Gujral

54. सिन्धु घाटी सभ्यता का विशाल स्नानागार कहाँ है ?

(A) मोहनजोदड़ो
(B) लोथल
(C) कालीबंगा
(D) हड़प्पा

Where is the Great Bath of Indus Valley Civilization ?

(A) Mohenjodaro
(B) Lothal
(C) Kalibanga
(D) Harappa

55. अल्तामीरा गुफाओं की खोज किसने की ?

(A) ए. कुमारस्वामी (B) बी.बी. लाल (C) सौतोला (D) इनमें से कोई नहीं

Who discovered the Altamira caves ?

(A) A. Coomarswamy (B) B.B. Lal (C) Sautuola (D) None of them

56. मातृदेवी मूर्तियाँ मुख्यत: सम्बन्धित हैं

(A) प्रागैतिहासिक कला से (B) कम्पनी शैली से

(C) सिन्धु घाटी सभ्यता से (D) आधुनिक कला से

Mother Goddess sculptures are mainly related to

(A) Prehistoric Art (B) Company style

(C) Indus Valley Civilization (D) Modern Art

57. कौन-सा प्रागैतिहासिक स्थल मिर्ज़ापुर क्षेत्र में स्थित नहीं है ?

(A) लिखुनिया (B) भल्डरिया (C) कोहबर (D) सिंघनपुर

Which prehistoric site is not situated in Mirzapur region ?

(A) Likhunia (B) Bhaldaria (C) Kohbar (D) Singhanpur

58. किस यूरोपीय प्रागैतिहासिक गुफा में ''मैमथ'' का चित्र पाया गया है ?

(A) लेस कॉम्बरेल्स (B) फोन्त-द-गॉम (C) अल्तामिरा (D) लासकॉक्स

In which European prehistoric cave has a picture of ''Mammath'' been found ?

(A) Les Combarelles (B) Font-de-Gaume (C) Altamira (D) Lascaux

59. कैमूर की पहाड़ियों में प्रागैतिहासिक शैली के चित्रों का अन्वेषण किसने किया ?

(A) पंचानन मित्रा (B) एण्डरसन (C) जे. कॉकबर्न (D) कार्लायिल

Who discovered the prehistoric style of paintings from Kaimur hills ?

(A) Panchanan Mitra (B) Anderson (C) J. Cockburn (D) Carlleyle

60. राजस्थानी शैली का दूसरा नाम है

(A) जयपुर शैली (B) बूंदी-कोटा शैली (C) जोधपुर शैली (D) राजपूत शैली

Another name of Rajasthani style is

(A) Jaipur style (B) Bundi-Kota style (C) Jodhapur style (D) Rajput style

61. प्रसिद्ध भित्ति चित्र 'मरणासन्न राजकुमारी' अजन्ता की किस गुफा में चित्रित है ?

In which cave of Ajanta, famous fresco 'The Dying Princess' has been painted ?

(A) 16 (B) 11 (C) 10 (D) 14

62. ''राजस्थानी चित्रकला मुगल चित्रकला से अधिक सामाजिक है ।''

(A) सत्य
(B) अर्ध सत्य
(C) गलत
(D) अर्ध गलत

"Rajasthani paintings are more social than Mughal paintings."

(A) True
(B) Half true
(C) False
(D) Half False

63. किस कला शैली में ''बनी ठनी'' चित्रित हुई थी ?

(A) कांगड़ा
(B) किशनगढ़
(C) गुलेर
(D) चम्बा

In which art style "Bani Thani" was painted ?

(A) Kangara
(B) Kishangarh
(C) Guler
(D) Chamba

64. 'सिख चित्र शैली' को प्रकाश में लाने का श्रेय किसे प्राप्त है ?

(A) डब्ल्यू.जी. आर्चर
(B) ओ.सी. गांगुली
(C) जे.सी. फ्रेन्च
(D) एन.सी. मेहता

Who is credited to bring in light the 'Sikh Style of Painting' ?

(A) W.G. Archer
(B) O.C. Ganguli
(C) J.C. French
(D) N.C. Mehta

65. चित्रकला की कांगड़ा शैली किस कला शैली की है ?

(A) मुगल शैली
(B) राजपूत शैली
(C) पहाड़ी शैली
(D) इनमें से कोई नहीं

The Kangara style of painting belongs to which art style ?

(A) Mughal style
(B) Rajput style
(C) Pahari style
(D) None of these

66. अजन्ता की गुफाओं का प्रथम अभिलिखित पर्यटक था

(A) मद्रास आर्मी ऑफिसर
(B) जेम्स फर्ग्युसन
(C) रॉबर्ट गिल
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Earliest recorded visitor of Ajanta caves was

(A) Madras Army Officer
(B) James Ferguson
(C) Robert Gill
(D) None of the above

67. निम्नलिखित को सुमेलित करें ।

| | भाव | | रस |
|---|---|---|---|
| a. | रति | i. | वीर |
| b. | उत्साह | ii. | रौद्र |
| c. | क्रोध | iii. | वीभत्स |
| d. | जुगुप्सा | iv. | शृंगार |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

Match the following.

| | Bhāva | | Rasa |
|---|---|---|---|
| a. | Rati | i. | Veera |
| b. | Utsah | ii. | Raudra |
| c. | Krodha | iii. | Vibhatsa |
| d. | Jugupsa | iv. | Shringar |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

68. कौन-सी पुस्तक आनंद के. कुमारस्वामी द्वारा लिखित नहीं है ?

(A) द डांस ऑफ शिवा
(B) आइडियल्स ऑफ इण्डियन आर्ट
(C) राजपूत पेन्टिंग्स
(D) इन्ट्रोडक्शन टू इण्डियन आर्ट

Which book was not written by Anand K. Coomaraswamy ?

(A) The Dance of Shiva
(B) Ideals of Indian Art
(C) Rajput Paintings
(D) Introduction to Indian Art

69. किसने कहा था, ''सुन्दरता का विचार हर चीज का मूल विचार है ।'' ?

(A) क्रोचे (B) अरस्तु (C) लियो टॉलस्टॉय (D) रस्किन

Who said, "The idea of beauty is the fundamental idea of everything." ?

(A) Croche (B) Aristotle (C) Leo Tolstoy (D) Ruskin

70. किसने कहा था, ''नकल बुरी चीज है । समस्त कला नकल करती है, इसी लिए सभी कला बुरी है ।'' ?

(A) हेगेल (B) शंकुक (C) प्लेटो (D) काण्ट

Who said, "Imitation is bad. All art is imitative, therefore all art is bad." ?

(A) Hegel (B) Shankuk (C) Plato (D) Kant

71. अंग्रेज कला इतिहासकार हर्बर्ट रीड के अनुसार दृश्य कला में कितने मूल तत्व होते हैं ?

According to Herbert Read, an english art historian, how many basic elements are there in visual art ?

(A) 7 (B) 4 (C) 5 (D) 3

72. किसने कहा था ''सुंदर वह है जो बिना किसी अवधारणा के सार्वभौमिक रूप से आनंद देता है ।'' ?

(A) प्लेटो (B) हेगेल (C) कॉलिंगवुड (D) काण्ट

Who said, "Beautiful is that which gives pleasure universally without a concept." ?

(A) Plato (B) Hegel (C) Collingwood (D) Kant

73. किस ग्रंथ में रस की विशद व्याख्या की गयी है ?

(A) महाभारत (B) गीता

(C) समरांगण सूत्रधार (D) डिस्कवरी ऑफ इण्डिया

In which book the Rasa is defined in detail ?

(A) Mahabharat (B) Geeta

(C) Samarangan Sutradhar (D) Discovery of India

74. यूनान के पार्थेनॉन मंदिर को किसने बनाया था ?

(A) हिटलर (B) फिडियास

(C) रोज़ार्ट (D) गाडे

Who built Parthenon temple of Greece ?

(A) Hitlar (B) Phidias

(C) Rozart (D) Gade

75. नेफरतीती की प्रसिद्ध आवक्ष मूर्ति सम्बन्धित है

(A) भारतीय कला से (B) बौद्ध कला से

(C) मिस्री कला से (D) चीनी कला से

The famous bust sculpture of Nefertiti is related to

(A) Indian Art (B) Buddhist Art

(C) Egyptian Art (D) Chinese Art

76. यूनानी कला के कितने काल सुविवेचित है ?

How many periods of Greek Art are considered ?

(A) 5 (B) 4 (C) 3 (D) 7

77. किस कला को मृतकों की कला कहा जाता है ?

(A) भारतीय कला (B) यूरोपीय कला (C) मिस्री कला (D) अफ्रीकी कला

Which art is considered as Art of Deads ?

(A) Indian Art (B) European Art (C) Egyptian Art (D) African Art

78. निम्न में से कौन एक रोकोको कलाकार नहीं था ?

(A) फ्रेंकोइस बाउचर (B) जीन एंटोनी वात्तो

(C) जीन होनोर फ्रागोनार्ड (D) फ्रांसिस्को गोया

Who from the following was not a Rococo Artist ?

(A) Francois Boucher (B) Jean Antoine Watteau

(C) Jean Honore Fragonard (D) Francisco Goya

79. किस कला में चित्रित अन्तर्भौम समाधि पाया जाता है ?

(A) ग्राम्य कला (B) मुगल कला

(C) आधुनिक कला (D) पूर्व ईसाई कला

In which art, painted catacombs are found ?

(A) Rural Art (B) Mughal Art

(C) Modern Art (D) Early Christian Art

80. 'संत लॉरेंस का बलिदान' किस चर्च में चित्रित है ?

(A) क्लूनी प्रियोरी चर्च (B) संत लज़ारे चर्च

(C) संत पियरे चर्च (D) संत पीट्रो अल माँटे

'Martyrdom of Saint Lawrence' is painted in which Church ?

(A) Cluny Priory Church (B) Saint Lazare Church

(C) Saint Pierre Church (D) Saint Pietro Al Monte

81. ''आप सबको खुश नहीं कर सकते'' नामक प्रसिद्ध चित्र की रचना किसने की ?

(A) मीरा मुखर्जी (B) भूपेन खक्खर (C) तैयब मेहता (D) जी.एम. शेख

Who created the famous painting "You can not please everybody" ?

(A) Meera Mukherjee (B) Bhupen Khakkhar (C) Tyeb Mehta (D) G.M. Sheikh

82. ''द इण्डियन सोसाइटी ऑफ ओरियन्टल आर्ट'' के संस्थापक कौन थे ?

(A) अमृता शेरगिल
(B) अवनीन्द्र नाथ ठाकुर
(C) नन्दलाल बोस
(D) मनीषी डे

Who was the founder of "The Indian Society of Oriental Art" ?

(A) Amrita Shergill
(B) Avanindra Nath Thakur
(C) Nand Lal Bose
(D) Manishi Dey

83. भारत के प्रसिद्ध नव तांत्रिक चित्रकार का नाम बताइये ।

(A) गुलाम रसूल संतोष
(B) एम.एफ. हुसैन
(C) जतिन दास
(D) राम कुमार

Name the famous Neo Tantrik Painter of India.

(A) Gulam Rasool Santosh
(B) M.F. Hussain
(C) Jatin Das
(D) Ram Kumar

84. निम्न समूह में से 'पैग' के संस्थापक सदस्य कौन हैं ?

(A) आरा, सूज़ा, रज़ा, हुसैन
(B) दास, डे, ठाकुर, शेरगिल
(C) बिष्ट, कुमार, हाजरा, बावा
(D) आप्टे, उकील, राय, सुतार

Which one of the following group is the founder member of 'PAG' ?

(A) Ara, Souza, Raza, Hussain
(B) Das, Dey, Thakur, Shergill
(C) Bhist, Kumar, Hazara, Bawa
(D) Apte, Ukil, Ray, Sutar

85. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. अमृता शेरगिल | I. इन्स्टॉलेशन |
| b. राम सुतार | II. कला समीक्षक |
| c. सुबोध गुप्ता | III. चित्रकार |
| d. केशव मलिक | IV. मूर्तिकार |

**कोड :**

(A) a – II, b – I, c – IV, d – III
(B) a – I, b – II, c – III, d – IV
(C) a – IV, b – II, c – III, d – I
(D) a – III, b – IV, c – I, d – II

Match List – I with List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Amrita Shergill | I. Installation |
| b. Ram Sutar | II. Art Critic |
| c. Subodh Gupta | III. Painter |
| d. Keshav Malik | IV. Sculpture |

**Code :**

(A) a – II, b – I, c – IV, d – III
(B) a – I, b – II, c – III, d – IV
(C) a – IV, b – II, c – III, d – I
(D) a – III, b – IV, c – I, d – II

86. कौन एक कलकत्ता समूह का सदस्य नहीं था ?

(A) प्रदोष दास गुप्ता
(B) परितोष सेन
(C) निरोद मजुमदार
(D) बी.सी. सान्याल

Who was not a member of Calcutta Group ?

(A) Pradosh Das Gupta
(B) Paritosh Sen
(C) Nirod Mazumdar
(D) B.C. Sanyal

87. निम्न को सुमेलित कीजिए ।

a. नंदलाल बोस — 1. जयपुर
b. ए.के. हल्दर — 2. मद्रास
c. डी.पी. रायचौधरी — 3. लखनऊ
d. शैलेन्द्र नाथ डे — 4. शांति निकेतन

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

Match the following.

a. Nand Lal Bose — 1. Jaipur
b. A.K. Haldar — 2. Madras
c. D.P. Raychoudhary — 3. Lucknow
d. Shailendra Nath Dey — 4. Shanti Niketan

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

88. प्रसिद्ध चित्र ''द स्क्रीम'' के चित्रकार का नाम बताइये ।

(A) एडवर्ड मुंच
(B) एडुवार्ड मानेट
(C) सल्वाडोर डाली
(D) पिकासो

Name the Painter of the famous painting “The Scream”.

(A) Edvard Munch
(B) Edouard Manet
(C) Salvador Dali
(D) Picasso

89. ''हाउसेस एट ल'इस्ताक'' के चित्रकार का नाम बताइये ।

(A) पॉल गाउगिन (B) जार्ज सेरात (C) जेरिकल्त (D) जार्ज ब्राक

Name the Painter of "Houses at L'Estaque".

(A) Paul Gauguin (B) Georges Seurat (C) Gericault (D) Georges Braque

90. जैन चित्रित अभिलेख चित्र 'कल्प सूत्र' का प्रप्ति स्थान है

(A) दक्षिण भारत (B) उत्तर भारत (C) पश्चिम भारत (D) पूर्व भारत

Jain painted inscription painting 'Kalp sutra' receipt place is

(A) South India (B) North India (C) West India (D) East India

91. ''द परसिस्टेंस ऑफ मेमोरी'' किसने चित्रित किया ?

(A) मानेट (B) मोनेट

(C) सल्वाडोर डाली (D) पिकासो

Who painted the "The Persistence of Memory'' ?

(A) Manet (B) Monet

(C) Salvador Dali (D) Picasso

92. भविष्यवाद का घोषणा-पत्र किसने लिखा ?

(A) मारिनेत्ति (B) अम्बर्तो बोच्चियोनी

(C) जोसेफ स्टेला (D) जिनो स्टेला

Who prepared the manifesto of Futurism ?

(A) Marinetti (B) Umberto Boccioni

(C) Joseph Stella (D) Gino Stella

93. कौन अति यथार्थवादी चित्रकार नहीं है ?

(A) आन्द्रे मासों (B) जॉन मिरो (C) पियरे रॉय (D) जार्ज ब्राक

Who is not a Surrealist Artist ?

(A) Andre Masoon (B) John Miro (C) Pierre Roy (D) Georges Braque

94. कौन-सा चित्रकार अपनी अधिकांश कृतियों में सूत्रधार के सदृश स्वयं विद्यमान रहता है ?

(A) के.जी. सुब्रमण्यम् (B) परितोष सेन

(C) ए. रामचन्द्रन (D) एम.एफ. हुसैन

Which Artist himself present as facilitator in most of his works ?

(A) K.G. Subramanyam (B) Paritosh Sen

(C) A. Ramchandran (D) M.F. Hussain

95. हमारी लोक कला को परंपरागत रूप से आगे बढ़ाने का श्रेय जाता है

(A) हमारी नगरीय जनता (B) हमारी ग्रामीण जनता

(C) शिक्षित जनता (D) उद्योगपति

The credit for carrying forward our folk art tradition goes to

(A) Our urban public (B) Our rural public

(C) Educated public (D) Industrialist

96. कलामेझुथु आदिवासी कला किस राज्य से सम्बन्धित है ?

(A) ओडिशा (B) महाराष्ट्र

(C) झारखण्ड (D) केरल

Kalamezhuthu tribal art belongs to which State ?

(A) Orissa (B) Maharashtra

(C) Jharkhand (D) Kerala

97. निम्न का मिलान कीजिए :

a. बिहार 1. चौक पूरना

b. महाराष्ट्र 2. मांडना

c. राजस्थान 3. गोदना

d. उत्तर प्रदेश 4. रंगोली

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

Match the following :

a. Bihar 1. Chauk Poorana

b. Maharashtra 2. Mandana

c. Rajasthan 3. Godana

d. Uttar Pradesh 4. Rangoli

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

98. हिन्दु विवाह के अवसर पर घर की भित्ति को कुछ विशेष अभिप्राय (मोटिफ) सहित चित्रित किया जाता है, वह है

(A) गोदना
(B) कोहबर
(C) अल्पना
(D) मेहंदी

On the occasion of Hindu Marriage, the wall of house painted with some special motif is known as

(A) Godana
(B) Kohabar
(C) Alpana
(D) Mehandi

99. नीचे दो कथन दिये गये हैं :

**कथन – I** : लोक कला किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक गर्व है ।

**कथन – II** : प्रत्येक उत्सव पर मंगल घट की स्थापना का विधान लोक कला के ही अस्तित्व को सूचित करता है ।

विकल्पों में से सर्वाधिक उपर्युक्त उत्तर चुनिये :

(A) कथन I तथा II दोनों सत्य हैं
(B) कथन I तथा II दोनों गलत हैं
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II गलत है
(D) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सत्य है

Given below are two statements :

**Statement – I** : Folk art is the cultural pride of any nation.

**Statement – II** : The establishment of Mangal Ghat on every festival indicates the existence of folk art itself.

Choose the most appropriate answer from the options :

(A) Both Statement I and II are true
(B) Both Statement I and II are false
(C) Statement I is true, but Statement II is false
(D) Statement I is false, but Statement II is true

100. मध्यप्रदेश की पारम्परिक कला है

(A) गोंड
(B) मधुबनी
(C) भील कला
(D) पट चित्र

Traditional art of Madhya Pradesh is

(A) Gond
(B) Madhubani
(C) Bhil art
(D) Pata Chitra

रफ कार्य के लिए जगह

**Space for Rough Work**

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

# Question Booklet

**Subject Code : 20**

**Subject : Drawing**

**Roll No. (In Figures) :** | | | | | | | |

**Roll No. (In Words) :** ____________________

| Signature of Candidate | | Signature of Invigilator | |
|---|---|---|---|

**Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. There are two Parts in this Question Booklet. The first part of which contains a total of **30** questions related to General Knowledge.
2. There are a total of **70** questions related to the optional subject in the second part of this Question Booklet.
3. There are **100** question items given in this Question Booklet. Each question item is printed in both Hindi and English. Four options are given for each question. Choose one of these options which you want to mark on the Answer Sheet. If you feel that more than one option is correct, then mark the option which you think is best. Only one option has to be chosen for each question item.
4. **Immediately after the commencement of the examination, you must check the Question Booklet to ensure that there are no unprinted, torn or missing pages or question parts etc. in it.**
5. Candidates should open the seal of the Question Booklet only after being instructed by the Room Invigilator.
6. Before answering on the Answer Sheet (OMR Sheet), the candidate should carefully read all the instructions in the Question Booklet and Answer Sheet.
7. The candidate must write his/her roll number, subject, correct question paper code, number of answered questions and number of unanswered questions neatly on the Answer Sheet (OMR Sheet), otherwise the Answer Sheet will not be evaluated and the entire responsibility will be of the candidate himself/herself.
8. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR sheet using black ball point pen only. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be evaluated.
9. Once answer is marked in the Answer Sheet (OMR Sheet), no change is permitted.
10. Candidate should not fold the Answer Sheet (OMR Sheet).
11. You are to mark your answers on Answer Sheet (OMR Sheet) only. When the examination is over, handover the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Room Invigilator.
12. In case of any discrepancy between the Hindi and English versions, English version will be taken as final.
13. If any candidate uses or attempts to use unfair means or creates any disturbance in the examination hall, he/she will be disqualified from the examination.
14. No candidate will leave the examination hall until **120** minutes (two hours) are completed.
15. Rough work, if any, should be done on the blank sheets prescribed for this purpose only. No extra sheets will be provided.
16. Use only black ball point pen for writing your roll number etc. and for filling in the answers on the Answer Sheet (OMR Sheet).

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है ।**